# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2671066
0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com

क्रमांक / एस.ओ.एस.ई.बी. / अकादमिक / 2026 /341 भोपाल, दिनांक 24/01/2026

## प्रवेश सूचना

मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (MPSOS), भोपाल, की स्थापना 29 मार्च 1995 को मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार की गई। यह बोर्ड मध्य प्रदेश शासन की स्वायत्त (Autonomous) संस्थाहै और राष्ट्रीय मुक्त वियालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के अनुरूप कार्य करती है। MPSOS सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी शिक्षा, वैकल्पिक शिक्षा, डिस्टेंस लर्निंग और वोकेशनल/कौशल-आधारित पाठ्यक्रम प्रदान करने हेतु मान्यता प्राप्त है। MPSOS का विज़न देश के अग्रणी शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्रों में से एक बनना है और मिशन शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र एवं मानवता के उत्थान हेतु बौद्धिक क्षमता का विकास और संवर्धन करना है।

मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (MPSOS) बोर्ड द्वारा साइबर सुरक्षा, साइबर कानून एवं साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन के क्षेत्र में स्कूल स्तर, पब्लिक लेवल, सरकारी अधिकारी व प्रोफेशनल लेवलके लिए सर्टिफिकेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। इसके साथ ही, वर्तमान परिदृश्य और शासकीय एवं औयोगिक संस्थाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य कार्यरत कर्मचारियों, विद्यार्थियों, प्रोफेशनल और नागरिकों की क्षमता निर्माण के साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास और प्रमाणित शिक्षण-प्रशिक्षण प्रदान करना है।

1. **मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (MPSOS) द्वारा संचालित निम्नलिखित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं:-**

<u>सर्टिफिकेशन प्रोग्राम</u>

| S.No. | Program Name | Program Code | Eligibility | Duration | Fees |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Certified Cyber Security Manager-CCSM | MPSOSCSM02 | Any Graduate | 06 Months | 17000 |
| 2 | Diploma in Cyber Law & Cyber Forensics-DCLCF | MPSOSCLCF03 | Any Graduate | 06 Months | 9000 |
| 3 | Diploma in Information Security Management System-ISMS | MPSOSISMS04 | Any Graduate | 06 Months | 18000 |
| 4 | Certificate in Cyber Crime Investigation and Admissibility of Electronic Evidence-CCIAEE | MPSOSCCIAEE05 | Police / Law Enforcement Officers, Law Students and any other interested | 03 Months | 8500 |

नोट: पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी MPSOS की आधिकारिक वेबसाइट mpsos.nic.in पर उपलब्ध है।

2. **सामान्य जानकारी**
   - पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 10 फरवरी 2026 तक अपना ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।
   - परीक्षाएवं पुनः परीक्षाशुल्क रु 1500 /- प्रति पाठ्यक्रम होगा।
   - किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश रद्द होने की स्थिति "शुल्क अप्रतिदेय है" ।
   - अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी MPSOS की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर जा सकते हैं।
   - अधूरी या अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। किसी भी आवश्यक जानकारी को छुपाना या गलत जानकारी प्रदान करना प्रवेश रद्द करने का कारण बन सकता है, जिसमें फीस की कोई वापसी नहीं होगी।
   - MPSOS किसी भी प्रकार की समस्या जैसे इंटरनेट या तकनीकी समस्याएँ, के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
   - MPSOS समय-समय पर प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम संरचना, परीक्षा पैटर्न और शुल्क संरचना में संशोधन करने का अधिकार रखता है।
   - यदि किसी पाठ्यक्रम के लिए न्यूनतम आवश्यक आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं, तो MPSOSपाठ्यक्रम रद्द करने का अधिकार रखता है। इस स्थिति में, उम्मीदवार द्वारा जमा की गई पूरी फीस वापस की जाएगी।
   - एक बार प्रवेश पूर्ण हो जाने के बाद पाठ्यक्रम में परिवर्तन की अनुमति नहीं है।



सच्चिदानन्द प्रसाद
सहायक संचालक (कौशल विकास)
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2671066
0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक / एस.ओ.एस.ई.बी. / अकादमिक / 2026 / 341 भोपाल, दिनांक 24/01/2026

3. रजिस्ट्रेशन एवं लॉगिन प्रक्रिया (SOP)

3.1 **पंजीयन:** प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए सबसे पहले अपने मोबाइल या कंप्यूटर में इंटरनेट ब्राउज़र (Chrome/Edge आदि) पर जाएं एवं म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकृत पोर्टल https://mpsos.nic.in/ पर "Cyber Security Program" लिंक पर क्लिक करें । तत्पश्चात लिंक पर क्लिक करने के बाद अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन पेज पर पहुँच जाएंगे जहां उसे दो विकल्प मिलेंगे:-

a. New Registration (नया आवेदन करें)
b. Login (पूर्व में पंजीकृत लॉगिन करें) ।

**a. New Registration विकल्प में क्लिक करने पर अभ्यर्थी को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी ।**

i. पूरा नाम मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी (जो की लॉगिन आई डी होगी) एवं एक नया पासवर्ड सेट करना होगा । पासवर्ड में कम से कम एक अक्षर, एक नंबर, एक स्पेशल अक्षर (@,#,%) होना चाहिए, और यह कम से कम 8 कैरेक्टर का होना चाहिए ।

ii. इसके बाद अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड नंबर पर एक ओटीपी एसएमएस प्राप्त होगा । ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद अभ्यर्थी का सफलतापूर्वक ऑनलाइन अकाउंट क्रिएट हो जाएगा ।

iii. रजिस्ट्रैशन पूर्ण करे: रजिस्ट्रैशन पूर्ण करने के लिए अकाउंट में लॉगिन करना होगा ।

iv. Login (पूर्व में पंजीकृत लॉगिन करें): अभ्यर्थी को अपने यूजर नेम (ईमेल आई डी) एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करना होगा । रजिस्ट्रैशन पूर्ण करने के लिए "Complete Registration" पर क्लिक करके अन्य सबंधित जानकारी जैसे पता, प्रोफ़ाइल फ़ोटो, आईडी कार्ड की जानकारी सबमिट करके "Next" पर क्लिक करना होगा ।

v. इसके पश्चात दो विकल्प मिलेंगे जिसे अभ्यर्थी सुविधानुसार चुन सकता है :

A. Government Organization/Officials
B. Individual/Professional/Private Institutions

**A. शासकीय कर्मचारियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया: Government Organization/Officials**

- अगर आप किसी गवर्नमेंट सरकारी संस्था में कार्यरत है तो आपको " Government Organization/Officials" ऑप्शन सेलेक्ट करना होगा, इसके बाद प्रोग्राम का नाम: प्रोग्राम का प्रकार: Certification Program एवं प्रोग्राम मोड: Online सिलेक्ट करना होगा ।
- इसके बाद अपनी संस्था से संबंधित जानकारी जैसे विभाग का नाम, संस्था/कार्यालय/स्कूल का नाम, संस्था/कार्यालय/स्कूल का कोड जैसे डाइस कोड/पंजीयन नंबर इत्यादि, संस्था/कार्यालय/स्कूल का पता जानकरी सबमिट करना होगी ।
- अभ्यर्थी को दो विकल्प दिए जाएंगे "Paid by Department/Institution" एवं "Paid by Individual"
- "Paid by Department/Institution": यदि प्रशिक्षण कार्यक्रम शुल्क का भुगतान विभाग द्वारा किया जाता है तो अभ्यर्थी को "Paid by Department/Institution" विकल्प चुनना होगा । इसके उपरांत अभ्यर्थी को बॉक्स मे tick करके घोषणा (Declaration) पर सहमति दर्ज करनी होगी, जिसके बाद फॉर्म सफलतापूर्वक सबमिट हो जाएगा ।
- Paid by Individual": यदि प्रशिक्षण कार्यक्रम शुल्क का भुगतान अभ्यर्थी के द्वारा स्वतः किया जाता है तो "Paid by Individual" विकल्प चुनना होगा । यदि अभ्यर्थी अध्ययन सामग्री की प्रिंटेड प्रति प्राप्त करना चाहता है, तो वह संबंधित विकल्प का चयन कर सकता है, जिसके लिए निर्धारित अतिरिक्त शुल्क देय होगा, अभ्यर्थी को पुस्तक पंजीकृत पते पर डाक द्वारा भेजी जाएगी। यदि अभ्यर्थी प्रिंटेड प्रति प्राप्त नहीं करना चाहता है, तो वह "नहीं" विकल्प का चयन कर सकता है । इसके उपरांत अभ्यर्थी को बॉक्स मे tick करके घोषणा (Declaration) पर सहमति दर्ज करनी होगी और "Proceed to Payment" पर क्लिक करना होगा ।

सच्चिदानन्द प्रसाद
सहायक संचालक (कौशल विकास)
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2671066
0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com




- ऑनलाइन भुगतान: प्रशिक्षण शुल्क भुगतान करने के लिए अभ्यर्थी को "Proceed to Payment" पर क्लिक करना होगा, जिससे बैंक द्वारा प्रदत्त पेमेंट गेटवे की लिंक ओपन हो जाएगी जहां अभ्यर्थी को बैंक की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यक विकल्प जैसे इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड /यूपीआई/ क्यू आर कोड चुन कर पेमेंट करना होगा ।
- सफलतापूर्वक पेमेंट करने के पश्चात फॉर्म स्वतः सबमिट हो जाएगा (इस दौरान वेबपेज को refresh और browser को बंद न करे) जिसके पश्चात अभ्यर्थी आवेदन फॉर्म को डाउनलोड एवं प्रिन्ट कर सकेगा । यदि किसी कारणवश अभ्यर्थी फॉर्म डाउनलोड या प्रिन्ट नहीं कर पाता है तो अकाउंट मे लॉगिन कर फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है ।
- अन्य व्यक्ति व निजी संस्था द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया: Individual/Professional/Private Institutions

B. **अन्य व्यक्ति व निजी संस्था द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया: Individual/Professional/Private Institutions**

- यदि अभ्यर्थी व्यतिगत रूप से पाठ्यक्रम में भाग लेना चाहते है या किसी अन्य प्राइवेट संस्थान/इंस्टीट्यूट/ऑर्गेनाइजेशन में कार्यरत हैं तो "Individual/Professional/Private Institutions" विकल्प को चुनना होगा,इसके बाद प्रोग्राम का नाम, प्रोग्राम का प्रकारएवं प्रोग्राम मोड:Online सिलेक्ट करना होगा ।
- इसके पश्चात अभ्यर्थी को दो विकल्प दिए जाएंगे: "Individual" एवं "Working Professional" I
- यदि अभ्यर्थी "Individual" विकल्प का चयन करता है, तो उसे अपनी अंतिम शैक्षणिक योग्यता का विवरण दर्ज करना होगा। यदि अभ्यर्थी "Working Professional" विकल्प का चयन करता है, तो उसे संस्था का नाम तथा अपना पदनाम (Designation) उल्लेख करना होगा।
- यदि अभ्यर्थी अध्ययन सामग्री की प्रिंटेड प्रति प्राप्त करना चाहता है, तो वह संबंधित विकल्प का चयन कर सकता है, जिसके लिए निर्धारित अतिरिक्त शुल्क देय होगा। यदि अभ्यर्थी प्रिंटेड प्रति प्राप्त नहीं करना चाहता है, तो वह "नहीं" विकल्प का चयन कर सकता है । इसके उपरांत अभ्यर्थी को बॉक्स मे tick करके घोषणा (Declaration) पर सहमति दर्ज करनी होगी और "Proceed to Payment" पर क्लिक करना होगा ।
- ऑनलाइन भुगतान: प्रशिक्षण शुल्क भुगतान करने के लिए अभ्यर्थी को "Proceed to Payment" पर क्लिक करना होगा, जिससे बैंक द्वारा प्रदत्त पेमेंट गेटवे की लिंक ओपन हो जाएगी जहां अभ्यर्थी को बैंक की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यक विकल्प जैसे इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड /यूपीआई/ क्यू आर कोड चुन कर पेमेंट करना होगा ।
- सफलतापूर्वक पेमेंट करने के पश्चात फॉर्म स्वतः सबमिट हो जाएगा (इस दौरान वेबपेज को refresh और browser को बंद न करे) जिसके पश्चात अभ्यर्थी आवेदन फॉर्म को डाउनलोड एवं प्रिन्ट कर सकेगा । यदि किसी कारणवश अभ्यर्थी फॉर्म डाउनलोड या प्रिन्ट नहीं कर पाता है तो अकाउंट मे लॉगिन कर फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है ।

3.2 **लॉगिन प्रक्रिया**

i. लॉगिन करने के लिए अभ्यर्थी को पुनः म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट https://mpsos.nic.in "Cyber Security Program" लिंक पर क्लिक करना होगा एवं Login विकल्प पर क्लिक करना होगा ।

ii. इसके बाद अपना ईमेल आईडी और पासवर्ड दर्ज करना होगा ।

iii. लॉगिन सफल होने पर अभ्यर्थी डैशबोर्ड तक पहुँच सकेगा ।

iv. लॉगिन करने के बाद अभ्यर्थी निम्नलिखित सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं:

- अपने रजिस्ट्रेशन फॉर्म को डाउनलोड व प्रिन्ट कर सकते हैं।
- पाठ्यक्रम विषयवस्तु पर आधारित अध्ययन सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं।

सच्चिदानन्द प्रसाद
सहायक संचालक (कौशल विकास)
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल

Phone : 0755-2671066
0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक / एस.ओ.एस.ई.बी. / अकादमिक / 2026 / 341 भोपाल, दिनांक 24/01/2026

- पोर्टल पर उपलब्ध विषय वस्तु पर आधारित प्रैक्टिकल व जागरूकता वीडियो देख सकते हैं।
- प्रशिक्षण सत्र में भाग लें सकेंगे जिसमे प्रतिभागी LIVE प्रश्न पूछ सकते है या प्रशिक्षक से वार्तालाप कर सकते है। जिसके उत्तर प्रशिक्षक द्वारा क्लास के अंत मे दिये जायेंगे।
- ऑनलाइन परीक्षा में भाग ले सकेंगे: प्रशिक्षण पूरा होने पर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा दी जा सकेगी।
- परीक्षा के पश्चात अपना डिजीटली हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकेंगे ।

3.3 **आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जानेवाले अनिवार्य दस्तावेज़:**

i. फ़ोटो: पासपोर्ट आकार की एक फ़ोटो।
ii. पहचान प्रमाण: आधार कार्ड / पैन कार्ड / वोटर आईडी कार्ड की प्रति।
iii. शैक्षणिक प्रमाणपत्र/मार्कशीट

4. प्रवेश संबधित जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर -9343649163,7880141431,9343649161 एवं ई-मेल आई डी studiompss26@gmail.comपर संपर्क किया जा सकता है।

सच्चिदानन्द प्रसाद
सहायक संचालक (कौशल विकास)
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल